UNIVERSITY NEWS 18 NOVEMBER 2026

DAINIK JAGRAN

नमन की आतिशी पारी से लवि की 205 रन से जीत



खिलाड़ियों से परिचय ग्रहण करते अतिथि और लवि के कुलपति जेपी सैनी व अन्य • लवि

लखनऊ : नमन तिवारी (85) और आदि आदेश शुक्ला (50) की तेजतर्रार पारियों व क्षितिज त्रिपाठी के चार विकेट की बदौलत मेजबान लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) ने नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट 2026-27 में जीत से आगाज किया। उद्घाटन मुकाबले में एलयू ने आदेश यूनिवर्सिटी को 205 रन से हराया।

एलयू के परांजपे ग्राउंड पर पहले बल्लेबाजी करते हुए मेजबान टीम ने चार विकेट पर 268 रन बनाए। नमन ने 33 गेंदों पर आठ चौके और छह छक्कों की मदद से 85 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज आदि आदेश ने 24 गेंदों पर छह चौके और दो छक्के जड़कर 50 रन बनाए। मोहम्मद अल्तमश पाशा ने 40 और आदित्य ने नाबाद 31 रन जोड़े। जवाब में आदेश यूनिवर्सिटी की टीम 14.1 ओवर में 63 रन पर सिमट गई। मुस्तफा मुश्ताक ने 35 रन बनाए। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय प्रतियोगिताएं युवा खिलाड़ियों को प्रतिभा निखारने का मंच देती हैं। समारोह में डीन प्रो. अमिता कनौजिया, प्रो. राकेश द्विवेदी, प्रो. ओपी, प्रो. शशि, आशीष त्रिवेदी, प्रो. महेंद्र, पूर्व रणजी खिलाड़ी उवैद कमाल व धनराज और एआईयू पर्यवेक्षक मोहम्मद एजाज खान मौजूद रहे। (वि.)

DAINIK JAGRAN

दो हजार विद्यार्थी बायोमीट्रिक सत्यापन से वंचित



जागरण टीम • लखनऊ: दशमोत्तर छात्रवृत्ति के लिए बायोमीट्रिक सत्यापन की अंतिम तिथि मंगलवार को समाप्त हो गई, लेकिन लखनऊ विश्वविद्यालय के दो हजार से ज्यादा विद्यार्थी अब भी सत्यापन नहीं करा सके हैं। दीपावली और छठ पर्व पर घर जाने के कारण कई विद्यार्थियों की प्रक्रिया छूट गई। अंतिम दिन मंगलवार को सत्यापन कराने के लिए अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) कार्यालय के छात्रवृत्ति अनुभाग में विद्यार्थियों की भीड़ लगी रही। विद्यार्थियों को राहत देने के लिए कार्यालय ने विश्वविद्यालय प्रशासन से सत्यापन की समय सीमा एक सप्ताह बढ़ाने का अनुरोध किया है। हालांकि, इस पर अभी निर्णय नहीं हुआ है।

10,740 आवेदन की हार्ड कापी मिली: डीएसडब्ल्यू प्रो. अमिता कनौजिया ने बताया कि बायोमीट्रिक सत्यापन के लिए एक सप्ताह का अतिरिक्त समय देने का अनुरोध विश्वविद्यालय प्रशासन को भेजा गया है। उम्मीद है कि विद्यार्थियों को कुछ और समय मिल सकता है। उन्होंने बताया कि 16 नवंबर तक छात्रवृत्ति आवेदन की 10,740 हार्ड कापी प्राप्त हुई थीं। इनमें से 8,607 विद्यार्थियों का बायोमीट्रिक सत्यापन पूरा हो चुका है। पुराने परिसर के 4,800 और द्वितीय परिसर के 3,807 विद्यार्थियों का सत्यापन किया गया है। करीब दो हजार आवेदन अभी सत्यापन के लिए लंबित हैं। समय सीमा बढ़ने पर इन विद्यार्थियों को प्रक्रिया पूरी करने का अवसर मिल सकेगा।

दो दिन बढ़ाने के बाद भी नहीं मिला मौका : छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि पहले 15 नवंबर निर्धारित की गई थी, जिसे बाद में बढ़ाकर 17 नवंबर कर दिया गया। इसके बावजूद कई विद्यार्थी सत्यापन नहीं करा सके। मंगलवार को सुबह से ही छात्र जरूरी दस्तावेज लेकर छात्रवृत्ति अनुभाग पहुंचते रहे। अंतिम दिन होने के कारण अपनी बारी का इंतजार कर रहे विद्यार्थियों की कतार लगी रही। बीए प्रथम वर्ष के छात्रवृत्ति अनुभाग में लगातार भीड़ बनी हुई है। पहले 15 नवंबर अंतिम तिथि थी, लेकिन दो दिन का समय बढ़ने से रविवार को उनका बायोमीट्रिक सत्यापन हो सका।

HINDUSTAN

क्यूएस में एलयू को देश में 74वां स्थान

4,682 विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति पर संकट

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय ने क्यूएस सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग 2027 में देश के 100 स्थान प्राप्त करने वाले भारतीय उच्च शिक्षण संस्थानों में 74वां स्थान हासिल किया है। वहीं, विश्वभर के 2,004 मूल्यांकित विश्वविद्यालयों को 1501 से ऊपर का वैश्विक स्थान मिला है। विश्वविद्यालय ने 100 में से 43.9 अंक का समग्र सतत विकास स्कोर हासिल किया है। विशेष रूप से विश्वविद्यालय ने शिक्षा के प्रभाव की श्रेणी में देशभर में सातवां और पर्यावरण शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर 609वां स्थान पाया।

क्यूएस की ओर से जारी इस रैंकिंग में मूल्यांकन पर्यावरणीय, सामाजिक प्रभाव और सुशासन के विभिन्न मानकों पर किया गया है। श्रेणीवार प्रदर्शन में विश्वविद्यालय को पर्यावरणीय प्रभाव में वैश्विक स्तर पर 1083वां स्थान मिला है। वहीं, सामाजिक प्रभाव और सुशासन की श्रेणियों में विश्वविद्यालय 1251 से ऊपर के स्थान वाले समूह में शामिल रहा। शिक्षा के प्रभाव और पर्यावरण शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा है। कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने कहा कि यह रैंकिंग राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के दूरदर्शी विजन का परिणाम है।

HINDUSTAN

एलयू में विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं एक दिसंबर से होंगी

वाइवा सात-आठ को

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2026 को विषम सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं दिसंबर में आयोजित की जाएंगी। जारी कार्यक्रम के अनुसार परीक्षाएं 1 दिसंबर से शुरू होकर 19 दिसंबर तक चलेंगी।

कला संकाय के अंतर्गत एमए राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी, फ्रेंच और प्राचीन भारतीय इतिहास के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं आयोजित होंगी। एमए राजनीति विज्ञान और प्राचीन भारतीय इतिहास की प्रथम सेमेस्टर परीक्षाएं 2 दिसंबर से शुरू होकर 15 दिसंबर तक चलेंगी, जबकि तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 3 दिसंबर से शुरू होकर 16 दिसंबर तक समाप्त होंगी। एमए अंग्रेजी और फ्रेंच की प्रथम सेमेस्टर परीक्षाएं 2 दिसंबर से 15 दिसंबर तक तथा तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 1 दिसंबर से 12 दिसंबर तक होंगी। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट देख सकते हैं।

AMAR UJALA

आदि और नमन के बल्ले से निकली एलयू की जीत

संवाद न्यूज एजेंसी



खिलाड़ियों से हाथ मिलाते लविवि के कार्यकारी कुलपति प्रो. अरविंद मोहन। -विवि

लखनऊ। नमन तिवारी (85) व आदि आदेश शुक्ला (50) की विस्फोटक बल्लेबाजी और **नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट** क्षितिज त्रिपाठी (4 विकेट) की घातक गेंदबाजी से लखनऊ विश्वविद्यालय ने नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को आदेश यूनिवर्सिटी को 205 रन के बड़े अंतर से हराया। विश्वविद्यालय के परांजपे मैदान पर हुए मुकाबले में एलयू ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 268 रन बनाए। आदेश यूनिवर्सिटी की टीम 14.1 ओवर में 63 रन पर ढेर हो गई।

दिन के अन्य मुकाबलों में एनईआर स्टेडियम पर डॉ. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा ने गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय की टीम को आठ विकेट से हराया। केए क्रिकेट मैदान, जानकीपुरम में दीनबंधु छोटूराम विश्वविद्यालय ने श्रीबीएयू को 67 रन शिकस्त दी। महर्षि विश्वविद्यालय ने संत बाबा भाग सिंह छोटूराम विश्वविद्यालय को 10 विकेट से हराया। आरआर स्टेडियम में हुए मैच में राजा महेंद्र प्रताप विश्वविद्यालय ने इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय को 65 रन और सीएसजेएम कानपुर ने गुरु काशी विश्वविद्यालय की टीम को 115 रन से हराया। वहीं एलडीए अलीगंज स्टेडियम पर मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय ने प्रयागराज की टीम को आठ विकेट से शिकस्त दी। गुरु जंबेश्वर ने सुखदेव आनंद विश्वविद्यालय को 197 रन से पराजित किया।

इससे पहले टूर्नामेंट का उद्घाटन लखनऊ विश्वविद्यालय के कार्यकारी कुलपति प्रो. अरविंद मोहन ने किया। इस मौके पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. अमिता कनौजिया, प्रक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी, प्रो. ओपी शुक्ला मौजूद रहे।

I NEXT

13 दिसंबर को फिर वितरित होंगे टैबलेट

LUCKNOW (17 Nov): रविवार को राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर टैबलेट वितरण सूची में नाम होने के बाद भी जिन विद्यार्थियों को किसी कारण टैबलेट नहीं मिल पाया था, लवि ने उन विद्यार्थियों के लिए नई तिथि घोषित की है. 13 दिसंबर को ओल्ड कैंपस स्थित एग्जामिनेशन कंडक्ट हाल में टैबलेट वितरित किए जाएंगे. इसके लिए निर्धारित समय पर पहचान पत्र, मूल अंकपत्र और आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य होगा.

NBT



नमन-आदि का पचासा, LU जीता

■ NBT न्यूज, लखनऊ: नमन तिवारी के 85 और आदि आदेश शुक्ला के 50 रन की आतिशी पारियों के बल पर क्षितिज त्रिपाठी की चार गेंदबाजी ने लखनऊ विश्वविद्यालय को नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट में धमाकेदार शुरुआत दिलाई। परांजपे मैदान पर खेले गए उद्घाटन मुकाबले में मेजबान टीम ने आदेश यूनिवर्सिटी को 205 रन से हराकर शानदार आगाज किया। नमन ने 33 गेंदों पर आठ चौके और छह छक्के जड़कर 85 रन बनाए। नमन ने 33 गेंदों पर आठ चौके और छह छक्के जड़कर 85 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज आदि आदेश ने 24 गेंदों पर छह चौके और दो छक्के जड़कर 50 रन बनाए।

HINDUSTAN

क्यूएस रैंकिंग में एलयू पहुंचा 74वें स्थान पर

LUCKNOW (17 Nov): क्यूएस सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग 2027 में लखनऊ विश्वविद्यालय ने वैश्विक पहचान दर्ज कराई है. विश्व के 2,004 मूल्यांकित संस्थानों में विश्वविद्यालय को 1501 वैश्विक रैंक बैंड मिला है. वहीं, 100 में से 43.9 समग्र सस्टेनेबिलिटी स्कोर के साथ देश के 100 रैंक प्राप्त भारतीय संस्थानों में 74वां स्थान हासिल किया है. श्रेणीवार प्रदर्शन में विश्वविद्यालय को पर्यावरणीय प्रभाव में वैश्विक स्तर पर 1083वीं रैंक मिली है, जबकि सामाजिक प्रभाव और सुशासन में 1251 बैंड प्राप्त हुआ. शिक्षा के प्रभाव (इम्पैक्ट आफ एजुकेशन) में विश्वविद्यालय देश में सातवें स्थान पर रहा. वहीं, पर्यावरण शिक्षा में वैश्विक स्तर पर 609वीं रैंक हासिल की. कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने इस उपलब्धि का श्रेय राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन और शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों व कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों को दिया. उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप शोध और हरित परिसर विकास के लिए प्रतिबद्ध है.

I NEXT

क्यूएस रैंकिंग में एलयू पहुंचा 74वें स्थान पर

LUCKNOW (17 Nov): क्यूएस सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग 2027 में लखनऊ विश्वविद्यालय ने वैश्विक पहचान दर्ज कराई है. विश्व के 2,004 मूल्यांकित संस्थानों में विश्वविद्यालय को 1501 वैश्विक रैंक बैंड मिला है. वहीं, 100 में से 43.9 समग्र सस्टेनेबिलिटी स्कोर के साथ देश के 100 रैंक प्राप्त भारतीय संस्थानों में 74वां स्थान हासिल किया है. श्रेणीवार प्रदर्शन में विश्वविद्यालय को पर्यावरणीय प्रभाव में वैश्विक स्तर पर 1083वीं रैंक मिली है, जबकि सामाजिक प्रभाव और सुशासन में 1251 बैंड प्राप्त हुआ. शिक्षा के प्रभाव (इम्पैक्ट आफ एजुकेशन) में विश्वविद्यालय देश में सातवें स्थान पर रहा. वहीं, पर्यावरण शिक्षा में वैश्विक स्तर पर 609वीं रैंक हासिल की. कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने इस उपलब्धि का श्रेय राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन और शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों व कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों को दिया. उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप शोध और हरित परिसर विकास के लिए प्रतिबद्ध है.

HINDUSTAN

नमन और आदि आदेश के अर्धशतकों से एलयू की जीत

लखनऊ, संवाददाता। नमन तिवारी (85) व आदि आदेश शुक्ला (50) की विस्फोटक बल्लेबाजी के बाद क्षितिज त्रिपाठी (4 विकेट) की धारदार गेंदबाजी के दम पर मेजबान लखनऊ विश्वविद्यालय ने नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट 2026-27 में जीत से शानदार आगाज किया। एलयू के परांजपे ग्राउंड पर खेले गए उद्घाटन मुकाबले में लखनऊ विश्वविद्यालय ने आदेश यूनिवर्सिटी को 205 रन के बड़े अंतर से हराया।

दूसरी ओर गुरुग्राम यूनिवर्सिटी, डा.बीआर अम्बेडकर यूनिवर्सिटी, आगरा, दीनबंधु छोटूराम यूनिवर्सिटी, महर्षि यूनिवर्सिटी, राजा महेंद्र प्रताप यूनिवर्सिटी, सीएसजेएम कानपुर यूनिवर्सिटी, मां शाकुंभरी यूनिवर्सिटी, महाराजा रंजीत सिंह पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी और गुरु जंबेश्वर यूनिवर्सिटी के जीत दर्ज की। टूर्नामेंट का उद्घाटन लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. अरविंद मोहन ने किया। इस अवसर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. अमिता कनौजिया, प्रक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी मौजूद रहे।

AMRIT VICHAR

लविवि को मिली वैश्विक पहचान

लखनऊ, अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय ने प्रतिष्ठित क्यूएस सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग 2027 में वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। विश्व के 2,004 मूल्यांकित उच्च शिक्षण संस्थानों में विश्वविद्यालय को 1501 प्लस रैंक बैंड प्राप्त हुआ है। वहीं, 100 में से 43.9 समग्र सस्टेनेबिलिटी स्कोर हासिल किया है। राष्ट्रीय स्तर पर 100 रैंक प्राप्त भारतीय संस्थानों में विश्वविद्यालय को 74वां स्थान मिला है। विशेष उपलब्धि के रूप में विश्वविद्यालय ने ''इम्पैक्ट ऑफ एजुकेशन'' श्रेणी में देश में सातवां स्थान तथा ''पर्यावरण शिक्षा'' में वैश्विक स्तर पर 609वीं रैंक हासिल की है। पर्यावरणीय प्रभाव श्रेणी में विश्वविद्यालय 1083वें स्थान पर रहा।

टैबलेट वितरण से छूटे छात्रों के लिए 13 को मौका

लखनऊ। डिजी शक्ति योजना के तहत टैबलेट पाने से वंचित रह गए लखनऊ विश्वविद्यालय के 7,013 छात्र-छात्राओं को अब एक और अवसर मिलेगा। 15 नवंबर को राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर टैबलेट वितरण समारोह में किसी कारणवश टैबलेट प्राप्त नहीं कर सके विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने दोबारा वितरण की व्यवस्था की है। इसके तहत 13 दिसंबर 2026 को विश्वविद्यालय परिसर में टैबलेट वितरित किए जाएंगे।

लवि 74वें स्थान पर

लखनऊ : क्यूएस सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग 2027 में लखनऊ विश्वविद्यालय ने वैश्विक पहचान दर्ज कराई है। विश्व के 2,004 मूल्यांकित संस्थानों में विश्वविद्यालय को 1501 वैश्विक रैंक बैंड मिला है। वहीं, 100 में से 43.9 समग्र सस्टेनेबिलिटी स्कोर के साथ देश के 100 रैंक प्राप्त भारतीय संस्थानों में 74वां स्थान हासिल किया है। श्रेणीवार प्रदर्शन में विश्वविद्यालय को पर्यावरणीय प्रभाव में वैश्विक स्तर पर 1083वीं रैंक मिली है, जबकि सामाजिक प्रभाव और सुशासन में 1251 बैंड प्राप्त हुआ। (वि.)

मौखिक परीक्षा सात से

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग में बीए अंग्रेजी पांचवें सेमेस्टर के इंटर्नशिप/टर्म पेपर की मौखिक परीक्षा सात और आठ दिसंबर को होगी।

विभागाध्यक्ष प्रो. नाजनीन खान की ओर से मंगलवार को जारी सूचना के अनुसार परीक्षा दोनों दिन दो पालियों में विभाग में आयोजित की जाएगी। पहली पाली सुबह 11 से दोपहर 1:30 बजे तथा दूसरी पाली दोपहर दो से शाम 4:30 बजे तक निर्धारित है। आठ दिसंबर को दूसरी पाली शाम चार बजे समाप्त होगी। (वि.)

AMRIT VICHAR

लखनऊ विश्वविद्यालय की धमाकेदार जीत, नमन-आदेश चमके

नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट

आज खेल समाचार सेवा

लखनऊ। नमन तिवारी (85) व आदि आदेश शुक्ला (50) की विस्फोटक बल्लेबाजी के बाद क्षितिज त्रिपाठी (4 विकेट) की धारदार गेंदबाजी के दम पर मेजबान लखनऊ विश्वविद्यालय ने नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट 2026-27 में जीत से शानदार आगाज किया। एलयू के परांजपे ग्राउंड पर खेले गए उद्घाटन मुकाबले में लखनऊ विश्वविद्यालय ने आदेश यूनिवर्सिटी को 205 रन के बड़े अंतर से शिकस्त दी।

दूसरी ओर गुरुग्राम यूनिवर्सिटी, डा.बीआर अम्बेडकर यूनिवर्सिटी, आगरा, दीनबंधु छोटूराम यूनिवर्सिटी, महर्षि यूनिवर्सिटी, राजा महेंद्र प्रताप यूनिवर्सिटी, सीएसजेएम कानपुर यूनिवर्सिटी, मां शाकुंभरी यूनिवर्सिटी, महाराजा रंजीत सिंह पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी और गुरु जंबेश्वर यूनिवर्सिटी के जीत दर्ज की। टूर्नामेंट का उद्घाटन लखनऊ विश्वविद्यालय के कार्यकारी कुलपति प्रो. अरविंद मोहन ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित होने वाली ऐसी प्रतियोगिताएं युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और उसे निखारने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती हैं। देश के विश्वविद्यालयों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत उन्हें उचित मंच, बेहतर प्रतिस्पर्धा और अपनी क्षमता साबित करने के अवसर देने की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इन प्रतियोगिताओं से देश को भविष्य के बेहतरीन क्रिकेटर मिलेंगे। उद्घाटन समारोह में डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. अमिता कनौजिया, प्रक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी, प्रो. ओपी शुक्ला, प्रो. शशि कनौजिया, चीफ प्रोक्टोरल आशीष त्रिवेदी और प्रो. महेंद्र अग्निहोत्री मौजूद रहे। समारोह का संचालन प्रोफेसर अजय कुमार अहर्ष ने किया जबकि प्रोफेसर राकेश द्विवेदी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष मोहम्मद एसए अल्वी सहित विभिन्न गेम्स क्लबों के अध्यक्ष सहित पूर्व रणजी क्रिकेटर उवैद कमाल व धनराज सिंह, भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के पर्यवेक्षक मोहम्मद एजाज खान, सहायक प्रोफेसर अरुण कुमार भी मौजूद रहे। एलयू ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 268 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। नमन तिवारी ने महज 33 गेंदों पर आठ चौके और छह छक्कों से 85 रन की तूफानी पारी खेली। वहीं सलामी बल्लेबाज आदि आदेश शुक्ला ने 24 गेंदों पर छह चौके और दो छक्के जड़ते हुए 50 रन बनाए। आदि आदेश और मोहम्मद अल्तमश पाशा (40 रन) ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई।

AMAR UJALA

बायोमीट्रिक सत्यापन में 4500 से ज्यादा छात्रों के फॉर्म अटके

लविवि : दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए 13072 छात्रों ने किया आवेदन

माई सिटी रिपोर्टर



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ पाने के लिए आवेदन करने वाले 4,628 विद्यार्थियों की उम्मीदें बायोमीट्रिक सत्यापन और दस्तावेजों की प्रक्रिया में अटक गई हैं। विवि में 13,072 विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है लेकिन इनमें से महज 8,444 विद्यार्थी ही आवेदन का प्रिंटआउट (हार्डकॉपी) जमा कर सके हैं। इससे बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति के लिए पात्रता संबंधी दावे अधर में लटक गए हैं।

दरअसल, दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करने के साथ ही विश्वविद्यालय में आवेदन की हार्डकॉपी भी जमा करनी है। इसके बाद विवि स्तर पर दस्तावेजों की जांच और बायोमीट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की जानी है। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की हार्डकॉपी जमा न होने से सत्यापन का काम भी प्रभावित होने का डर है।


उधर, समाज कल्याण विभाग की ओर से मंगलवार रात 12 बजे तक दो पोर्टल खोलने के निर्देश दिए गए थे। ऐसे में जिन विद्यार्थियों की प्रक्रिया निर्धारित समय में पूरी नहीं हो सकी, उनके सामने छात्रवृत्ति से वंचित होने का संकट खड़ा हो गया है। करीब 35.4 प्रतिशत आवेदन अभी विश्वविद्यालय की प्रक्रिया में आने नहीं बढ़ सके हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से आवेदन की तारीख बढ़ाने और पोर्टल दोबारा कुछ समय के लिए खोलने की मांग की गई है लेकिन खबर लिखे जाने तक इस संबंध में विभाग की ओर से कोई नया निर्देश नहीं मिला था।

समय सीमा बढ़ाने के लिए विवि ने भेजा पत्र : अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अमिता कनौजिया ने बताया कि विवि प्रशासन की ओर से आवेदन की तारीख बढ़ाने और पोर्टल कुछ समय के लिए दोबारा खोलने के संबंध में समाज कल्याण विभाग को पत्र भेजा गया है। उम्मीद है कि आवेदन की समय सीमा बढ़ाई जाएगी। विवि को अब तक 8,444 विद्यार्थियों के आवेदन की हार्डकॉपी ही प्राप्त हुई है। ऑनलाइन पोर्टल पर 13,072 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है।

NBT

इंपैक्ट ऑफ एजुकेशन में एलयू को मिली 7वीं रैंक

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग एजेंसी क्यूएस (QS) की ओर से जारी 'क्यूएस सस्टेनेबिलिटी रैंकिंग 2027' में लखनऊ विश्वविद्यालय (LU) ने देश के टॉप-100



संस्थानों में 74वां स्थान हासिल किया है। विभिन्न श्रेणियों में जारी इस रैंकिंग में एलयू ने 'इम्पैक्ट ऑफ एजुकेशन' श्रेणी में पूरे देश में 7वां स्थान हासिल कर नया कीर्तिमान रचा है। वहीं, 'पर्यावरण शिक्षा' में विश्वविद्यालय को वैश्विक स्तर पर 609वीं रैंक प्राप्त हुई है। कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने कहा कि यह उपलब्धि हमारी शैक्षणिक, शोध एवं संस्थागत नीतियों में सतत विकास के सिद्धांतों के निरंतर समावेशन का प्रमाण है।

AMRIT VICHAR

स्क्रीम | एमए, एमएससी, बीपीएड और एमपीएड की परीक्षाएं दिसंबर के पहले सप्ताह से होंगी शुरू, समर्थ पोर्टल पर 23 तक भरे जाएंगे

पहली दिसंबर होंगी लविवि की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की तैयारियां तेज कर दी हैं। स्नातक और परास्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों का विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

इसके साथ ही ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि को भी विस्तारित किया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, कला एवं विज्ञान संकाय के अंतर्गत आने वाले कई प्रमुख पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं 1 दिसंबर से प्रारंभ हो रही हैं। विज्ञान संकाय की परीक्षाएं सुबह की पाली (सुबह 8:30 बजे से 11:30 बजे तक) और कला संकाय की परीक्षाएं दोपहर की पाली (दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक) आयोजित की जाएंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आवश्यकता पड़ने पर परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव का अधिकार सुरक्षित है, इसलिए छात्र नियमित रूप से विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट (www.lkouniv.ac.in) देखते रहें।

परीक्षा कार्यक्रम की परीक्षाएं 3 दिसंबर से 12 दिसंबर तक आयोजित होंगी।

- एमएससी (मॉलिक्यूलर एंड ह्यूमन जेनेटिक्स) सेमेस्टर-1: 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक। सुबह 8:30 से 11:30 बजे)।
- एमए/एमएससी (गणित) सेमेस्टर-1 व 3: सेमेस्टर-3 की परीक्षा: 1 दिसंबर से 12 दिसंबर तक तथा सेमेस्टर-1 की परीक्षा: 9 दिसंबर से 21 दिसंबर तक चलेगी।
- एमएससी (बॉटनी) सेमेस्टर-1 व 3 : सेमेस्टर-3 की परीक्षाएं 1 दिसंबर से और सेमेस्टर-1 की परीक्षाएं 2 दिसंबर से 11 दिसंबर तक होंगी।
- एमए (राजनीति विज्ञान) सेमेस्टर-1 व 3 : सेमेस्टर-1 की परीक्षाएं 2 दिसंबर से 15 दिसंबर तक और सेमेस्टर-3
- एमए (अंग्रेजी एवं फ्रेंच) सेमेस्टर-1 व 3 : दोनों विषयों में सेमेस्टर-3 की परीक्षाएं 1 दिसंबर से 12 दिसंबर तक और सेमेस्टर-1 की परीक्षाएं 2 दिसंबर से 15 दिसंबर तक चलेंगी।
- एमए (प्राचीन भारतीय इतिहास) सेमेस्टर-1 व 3 : सेमेस्टर-1 की परीक्षाएं 2 दिसंबर से 15 दिसंबर तक तथा सेमेस्टर-3 की परीक्षाएं 3 दिसंबर से 16 दिसंबर तक होंगी।
- बीपीएड एवं एमपीएड सेमेस्टर-1 व 3 : दोनों पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 10 दिसंबर से 18 दिसंबर तक और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 दिसंबर से शुरू होंगी।

ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ी

- स्नातक, परास्नातक एवं डिप्लोमा की विषम सेमेस्टर (दिसंबर-2026) परीक्षाओं के ऑनलाइन फॉर्म भरने की तिथि बढ़ा दी गई है। प्रथम सेमेस्टर (नियमित, ड्यूएमटे) समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि अब 23 नवंबर निर्धारित की गई है। महाविद्यालयों को फॉर्म अग्रसारित कर शुल्क रसीद के साथ 23 नवंबर तक परीक्षा विभाग में जमा करना अनिवार्य होगा।

AMAR UJALA

क्रिकेट में लविवि का विजयी आगाज

नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में आदेश यूनिवर्सिटी को 205 रन से हराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



खिलाड़ियों से परिचय ग्रहण करते डॉ अरविंद मोहन।

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार को शुरू हुई नार्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष क्रिकेट टूर्नामेंट में नमन तिवारी व आदि आदेश शुक्ला की विस्फोटक बल्लेबाजी और क्षितिज त्रिपाठी की धारदार गेंदबाजी की बदौलत मेजबान लविवि की टीम ने विजयी आगाज किया। आदेश यूनिवर्सिटी को 205 रन के बड़े अंतर से शिकस्त दी। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

परांजपे ग्राउंड पर खेले गए उद्घाटन मैच में लखनऊ विश्वविद्यालय ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 268 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। नमन तिवारी ने महज 33 गेंदों पर आठ चौके और छह छक्कों की मदद से 85 रन की तूफानी पारी खेली। वहीं, सलामी बल्लेबाज आदि आदेश शुक्ला ने 24 गेंदों पर छह चौके और दो छक्के जड़ते हुए 50 रन बनाए। आदि आदेश और मोहम्मद अल्तमश पाशा (40 रन) ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई। इसके बाद नमन तिवारी ने मोर्चा संभाला और आदित्य (नाबाद 31 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 120 रन की साझेदारी की। जवाब में आदेश यूनिवर्सिटी की बल्लेबाजी एलयू के गेंदबाजों के सामने लड़खड़ा गई और 14.1 ओवर में 63 रन पर ढेर हो गई। मुस्तफा मुश्ताक ने 35 रन बनाए। लखनऊ विश्वविद्यालय से क्षितिज त्रिपाठी ने चार विकेट झटके, जबकि शिवम सिंह और शौर्य सिंह ने दो-दो विकेट हासिल किए। मंगलवार को बायोमीट्रिक सत्यापन के कारण छात्रवृत्ति से वंचित होने का संकट खड़ा हो गया है। करीब 35.4 प्रतिशत आवेदन अभी विश्वविद्यालय की प्रक्रिया में आने नहीं बढ़ सके हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से आवेदन की तारीख बढ़ाने और पोर्टल दोबारा कुछ समय के लिए खोलने की मांग की गई है लेकिन खबर लिखे जाने तक इस संबंध में विभाग की ओर से कोई नया निर्देश नहीं मिला था।

ये टीमें भी मैच जीतीं

■ एनईआर स्टेडियम पर डा. बीआर अम्बेडकर यूनिवर्सिटी आगरा ने गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी को आठ विकेट से हराया। केए क्रिकेट ग्राउंड जानकीपुरम